AUSTRALIAN COTTON

# ट्रेसिबिलिटी दिशानिर्देश

- ऑस्ट्रेलियाई कपास मंगाने वाले ब्रांडों के लिए -



# परिचय

कपास आपूर्ति श्रृंखला के जरिए कच्चे माल का पता लगाना(ट्रेसेबिलिटी) ब्रांड्स और खुदरा व्यापारियों के लिए बहुत ही महत्त्वपूर्ण मुद्दा बन गया है वे इस बात के लिए उच्च स्तर की स्पष्टता चाहते हैं कि उत्पाद उत्पन्न कहां हुआ है. यह एक उद्विकासी क्षेत्र है जो कपास सहित, बहुत से जिंसों के लिए एक चुनौती साबित हुआ है.

अपने उत्पादों के लिए ऑस्ट्रेलियाई कपास मंगवाने में, आप उच्च गुणवत्ता, संदूषण से मुक्त कपास के फाइबर का चुनाव कर रहे हैं, जिसका उत्पादन उच्चतम पर्यावरण और सामाजिक मानदंडों के साथ किया जाता है. आप अपने उत्पादों को ऑस्ट्रेलिया कॉटन मार्क(मार्क्स) के साथ लेबल करवाने का भी चयन कर सकते हैं. लेकिन आप यह कैसे सुनिश्चित करेंगे कि आपके उत्पादों में जो कपास है वह वास्तव में ऑस्ट्रेलियाई है?

कॉटन ऑस्ट्रेलिया, दावा करने वाले ब्रांड्स और खुदरा व्यापारियों पर ऑस्ट्रेलियाई कपास की ट्रेसेबिलिटी के आसपास भार स्थापित करता है, और इसके साथ ही आस्ट्रेलियाई कॉटन मार्क(मार्क्स) का उपयोग करने के लिए आवेदन के भाग के तौर पर ट्रेसेबिलिटी प्रमाणों की मांग करता है. ऑस्ट्रेलियाई कपास के ट्रेसेबिलिटी स्थापित करने की प्रक्रिया ब्रांडों के लिए अलग-अलग होती है, लेकिन उनमें बहुत से तत्व आम हैं.

इस निर्देशिका को ब्रांड्स और रीटेलर्स के लिए इस पर एक प्रारंभ बिंदु के तौर पर डिजाइन किया गया है कि ऑस्ट्रेलियाई कपास के संबंध में दावे को समर्थन देने के लिए क्या करना है. आशा की गई कि इससे ब्रांड्स को मदद मिलेगी:

- सही प्रश्न पूछने में.
- समझने में कि उत्पत्ति स्थान के दावे के साबित करने में, क्या प्रमाण एकत्र किए जा सकते हैं और कैसे.
- निर्माण की प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के दौरान किस प्रकार की जांचों और संतुलन को लागू किया जा सकता है का निर्धारण करना.
- आस्ट्रेलियाई कॉटन मार्क(मार्क्स) की न्यूनतम ट्रेसेबिलिटी आवश्यकताओं को समझना.



# ट्रेसेबिलिटी की जरूरत और पारदर्शिता




ब्रांड्स और खुदरा व्यापारियों से अपेक्षा की जाती है कि उन्हें अपनी आपूर्ति श्रृंखला की समझ हो, और कच्ची सामग्री के उत्पादन से लेकर उत्पादों का निर्माण तक कहां हो रहा है इसके बारे में पारदर्शिता हों.

कॉटन आस्ट्रेलिया स्वीकार करती है कि ट्रेसेबिलिटी बहुत ही जरूरी है और कंपनी के हितधारकों और ग्राहकों की यह भरोसा प्राप्त करने की चाह लगातार बढ़ रही है कि ऑस्ट्रेलियाई कपास के उत्पाद पर किए जाने वाले दावों की उचित प्रकार से पुष्टि की जा सके. आपके उत्पाद का निर्माण ऑस्ट्रेलियाई कपास से किया गया है इस दावे की पुष्टि करने की योग्यता आपके ब्रांड और ऑस्ट्रेलियाई कपास दोनों के ब्रांड की सुरक्षा और जोखिम प्रबंधन के लिए आवश्यक है.

ऑस्ट्रेलियाई प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता कमीशन की सलाह है,कि *'उत्पाद की उत्पत्ति कि देश में हुई है इसका दावा करने के लिए व्यापारों के पास उपयुक्त आधार होना चाहिए और जरूरत पड़ने पर इस दावे को बनाए रखने में सक्षम होना चाहिए.'* इस कारण से, कॉटन आस्ट्रेलिया की सलाह है कि ट्रेसेबिलिटी प्रणाली को स्थापित करने के लिए सारी सावधानिया बरती जानी चाहिए और ऑस्ट्रेलियाई कपास के उपयोग का दावा करने के बारे में कोई दावा करने से पहले उचित जांचे और संतुलन स्थापित किया जाना चाहिए.

# वर्तमान स्थिति




ऑस्ट्रेलिया कपास की गांठ से उस खेत का पता लग सकता है, जहां इसे उगाया गया था, लेकिन कताई मिल के बाद ऑस्ट्रेलियाई कपास के लिए ट्रेसीबिलिटी अधिक कठिन बन जाती है क्योंकि अक्सर फाइबर का निर्माण अन्य देशों से आने वाले कपास से मिलाकर किया जाता है. हालांकि कॉटन ऑस्ट्रेलिया फॉर्म से लेकर कताई मिल तक ट्रेसेबिलिटी में मदद कर सकती है, लेकिन कच्चे माल की उत्पत्ति से लेकर अंतिम उत्पाद तक की ट्रेसेबिलिटी स्थापित करना ब्रांड का उत्तरदायित्व है.

कपास की ट्रेसेबिलिटी के लिए बहुत सारे वाणिज्यिक, तकनीकि आधारित समाधान हैं जो या तो विकास की अवस्था में हैं या फिर अब बाजार में उपलब्ध हो चुके हैं. इसमें ब्लॉकचेन प्रणाली, सॉफ्टवेयर समाधान, और ओटाई के समय पता लगाने योग्य फाइबर तथा DNA मार्कर मिलाना शामिल है. हालांकि यह उत्पाद अब अधिक से अधिक तैयार अवस्था में मिलना शुरू हो गए हैं, वास्तविकता यह है कि अधिकतर ब्रांडों के लिए कपास की ट्रेसेबिलिटी एक बड़ी मानवीय प्रक्रिया बनी है जो उत्पादन के विभिन्न चरणों में व्यवसाय में मौजूद लोगों से प्रमाणों के प्रावधानों पर निर्भर करती है.

निसंदेह इसमें जोखिम अंतर्निहित है, और अनैतिक व्यवसायों द्वारा इसका दुरुपयोग किया जा सकता है जो शायद कई उत्पत्ति स्थानों से प्राप्त कपास को मिला सकते है, झूठे दस्तावेज आदि बना सकते हैं. इसीलिए कॉटन ऑस्ट्रेलिया उन्हीं व्यवसाइयों से माल मंगवाने की सलाह देता है जिनके साथ आपका लंबे समय से, भरोसेमंद रिश्ता है और जिनमें यह सुनिश्चित करने के लिए ऑडिटिंग प्रक्रिया स्थापित है कि ट्रेसेबिलिटी प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है.

यह निर्देशिका उन ट्रेसेबिलिटी प्रमाणों के प्रकारों की रूपरेखा बताती है जिन्हें निर्माण की प्रक्रिया के दौरान हर चरण पर एकत्र किया जा सकता है.

# सूती कपड़े की निर्माण प्रक्रिया के चरण




## आपके व्यवसाय के लिए सिद्धांत जिन पर आपको विचार करना चाहिए

- ☑ ट्रेसेबिलिटी के उद्देश्य और लक्ष्य क्या हैं?
- ☑ हमारे पास अपनी कपास आपूर्ति श्रृंखला के लिए अभी कितनी लक्ष्यता है?
- ☑ ऑस्ट्रेलियाई कपास के लिए ट्रेसिबिलिटी को स्थापित और प्रबंधित करना किसकी जिम्मेदारी होगी? (माल मंगवाने वाले कार्यालय के, आंतरिक अधिकारी)
- ☑ हमारे पास बाजार में जमीनी लोग कहां हैं जो हमारी मदद कर सकते हैं?
- ☑ क्या जिस ऑडिटर का प्रयोग हम फैक्टरी के अन्य पुष्टिकरणों (जैसे सामाजिक अनुपालन) के लिए करते हैं वह ऑस्ट्रेलियाई कपास की ट्रेसिबिलिटी प्रक्रिया के लिए भी ऑडिट कर सकता है?
- ☑ क्या ट्रेसिबिलिटी जानकारी इकट्ठा करने और स्टोर करने के लिए हमारे पास आंतरिक प्रणाली स्थापित है?
- ☑ सुविधा के स्तर का मूल्यांकन......व्यवसाय, वरिष्ठ प्रबंधन, हमारे बोर्ड और हितधारक इससे कितना संतुष्ट हैं?
- ☑ ट्रेसिबिलिटी को स्थापित करने, पर्यवेक्षण करने और ऑडिट करने के लिए किन संसाधनों की जरूरत है?
- ☑ हमारे कपास आपूर्ति श्रृंखला के साझीदारों के साथ हमारे संबंधों की क्या स्थिति है? (विश्वास का स्तर, इतिहास आदि)
- ☑ किस आपूर्तिकर्ता के बारे में हम सोचते हैं/जानते हैं कि वह हमारे लिए ठोस, भरोसेमंद तरीके से स्वेच्छा से ट्रेसिबिलिटी प्रदान करेगा?
- ☑ क्या हम वर्तमान आपूर्ति श्रृंखला का प्रयोग कर सकते है या हमें नए आपूर्तिकर्ता खोजने चाहिए?
- ☑ ऑस्ट्रेलियाई कपास के लिए हमारी प्रतिबद्धता क्या है- एकल आर्डर उत्पादन उत्पाद, मध्यम से लेकर लंबे समय का उत्पाद-इसलिए, हम इसमें कितना निवेश करना चाहते हैं?
- ☑ हमारी समय सीमाएं क्या हैं?
- ☑ क्या ऑस्ट्रेलियाई कपास मार्क(मार्क्स) के उपयोग के लिए हमारे पास न्यूनतम ट्रेसिबिलिटी आवश्यकताएं हैं?



# कॉटन ऑस्ट्रेलिया की ट्रेसेबिलिटी में भूमिका

## ऑस्ट्रेलियाई कपास आपूर्ति श्रृंखला को स्थापित करने में ब्रांडो की सहायता करता है

चूंकि सभी ब्रांड जाने-माने हैं, कपास आपूर्ति श्रृंखला बहुत ही जटिल हो सकती है. बहुत अधिक संभावना है किसी एक ब्रांड में कई प्रकार के कपास उत्पादों के लिए कपास की कई आपूर्ति श्रृंखलाएं हों, जो बहुत सारे देशों में स्थित हों. उत्पादन के दौरान कपास के उत्पाद के कई फैक्ट्रियों में जाने-आने की भी संभावना होती है, कभी-कभी इन प्रक्रियाओं के दौरान इनका परिवहन एक देश से दूसरे देश में किया जाता है.

ऑस्ट्रेलियाई कपास कताई मिलों को एक कच्चे जिंस के रूप में बेचा जाता है. कॉटन ऑस्ट्रेलिया कपास के व्यापार में शामिल नहीं है लेकिन आमतौर पर ऑस्ट्रेलियाई कपास की खरीददारी करने वाली कताई मिलों की सूची बनाए रखता है. इनमें से कुछ लंबवत एकीकृत(वर्टिकली इंटीग्रेटेड) हैं. इस सूची को नियमित तौर पर अद्यतित किया जाता है और इसे खुदरा व्यापारियों, ब्रांड मालिकों और आपूर्तिकर्ताओं को उपलब्ध करवाया जा सकता है जो ऑस्ट्रेलियाई कपास का स्रोत जानना चाहते हैं. यह ब्रांड्स के लिए एक अच्छा शुरुआती बिंदु हो सकता है, क्योंकि वे पहले से ही उन कताई मिलों का उपयोग कर रहे हैं जो ऑस्ट्रेलियाई कपास में व्यापार कर रही हैं.

## ऑस्ट्रेलियाई कपास मार्क का सुविधापूर्वक उपयोग

अपने उत्पादों में ऑस्ट्रेलियाई कपास 'का दावा' करने की इच्छा रखने वाले ब्रांडों को ऑस्ट्रेलियाई कपास मार्क(मार्क्स) का उपयोग करने के लिए आवेदन करना होगा. इस प्रक्रिया में आपूर्ति श्रृंखला में पारदर्शिता की और इन उत्पादों को बनाने के लिए उपयोग की गई उत्पादन प्रक्रिया के लिए ट्रेसीबल(पता लगाने लायक) प्रमाणों की जरूरत है. ऑस्ट्रेलियाई कपास के लिए एक प्रमाणित चेन ऑफ कस्टडी(कपास उगाने से लेकर उत्पाद के अंतिम निर्माण की श्रृंखला) प्रदर्शित करने के लिए न्यूनतम आवश्यकताएं हैं. कॉटन ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रेलियाई कपास मार्क(मार्क्स) का वितरण करता है और उत्पादों पर इसके प्रयोग के लिए मंजूरी प्रदान करता है.

## ऑस्ट्रेलियाई कपास की गांठों का पुष्टिकरण

ऑस्ट्रेलियाई कपास उद्योग में इसकी पहचान करने के लिए एक प्रणाली स्थापित है कि कपास की हरएक गांठ कहां पर उगाई गई है और इसकी ओटाई कहां हुई है. बाजार में आने वाली ऑस्ट्रेलियाई कपास की हर एक गांठ की ग्रेडिंग (गुणवत्ता) की जाती है और इस पर एक अद्वितीय गांठ पहचान संख्या का लेबल और बारकोड आइडेंटीफायर लगाया जाता है. यह जानकारी गांठ के साथ इसके कताई मिल पहुंचने तक रहती है.

जब कोई ब्रांड मालिक, खुदरा व्यापारी या निर्माता द्वारा धागे की रील बनाने के लिए (और जहां पर कारोबारी और किसान खुशी से भाग लेते हैं) उपयोग की गई ऑस्ट्रेलियाई कपास की गांठ का टैग नंबर प्रदान करता है तब, कॉटन ऑस्ट्रेलिया इस बात की पुष्टि कर सकता है कि कच्चा कपास ऑस्ट्रेलिया से ही है.




# शुरू कर रहे हैं

ऑस्ट्रेलियाई कपास सहित, किसी भी उत्पाद के लिए आपूर्ति श्रृंखला ट्रेसबिलिटी स्थापित करना, बहुत ही थकाने वाली और जटिल प्रक्रिया हो सकती है. अच्छी खबर यह है कि ऑस्ट्रेलियाई कपास का उपयोग करने वाले ब्रांडों ने रिपोर्ट किया है कि एक बार अग्रिम कार्य हो जाने के बाद, प्रणाली स्थापित कर दी जाती है और आपूर्तिकर्ता आपकी आवश्यकताओं से परिचित होते हैं, और प्रक्रिया काफी आसान हो जाती है. यह जानना भी महत्वपूर्ण है कि आपूर्तिकर्ताओं से अन्य प्रमाणन कार्यक्रमों के जरिए नियमित तौर पर यह जानकारी मांगी जाती है ताकि आवश्यकताएं कभी भी आश्चर्य के तौर पर न आए और न ही बहुत अधिक परेशान करने वाली लगें. अगर आपका आपूर्तिकर्ता आपको आपकी जरूरत की प्रक्रियाएं या प्रमाण नहीं उपलब्ध करवाता है तो आप बहुत सारे अन्य प्रतिस्पर्द्धियों के पास जा सकते हैं!चो यह कर सकते हैं.

# कहां से शुरू करना है?

## यहां पर कुछ सुझाव दिए गए हैं?

1

### आपूर्ति श्रृंखला मापन

हालांकि हमेशा सुसंगत नहीं होता है, लेकिन आपूर्ति श्रृंखला मापन कपास और अन्य कच्ची सामग्री के लिए ट्रेसिबिलिटी प्रणाली
स्थापित करने के लिए आवश्यक पहला कदम है. टियर- 1 स्तर के आपूर्तिकर्ताओं की बात पर भरोसा करने के बजाय,
सभी आपूर्तिकताओं, फैक्टरियों और कताई मिलों के लिए हरएक ऑस्ट्रेलियाई कपास उत्पाद के लिए एक प्रारंभिक बिंदु स्थापित करना अधिक अच्छा है.

आपूर्ति श्रृंखला मापन में कई वाणिज्यिक कंपनियां और सलाहकार सहायता कर सकते हैं.

2

### अपने व्यवसाय के भीतर प्रश्न पूछें

खास तौर पर बड़े ब्रांडों के लिए, अन्य विभागों में कुछ लोग हो सकते हैं जो पहले इससे गुजरे होंगे और जिनके पास साझा करने के लिए अच्छा ज्ञान, शिक्षा और टिप्स होंगे. यह स्पष्ट दिखाई पड़ सकता है, लेकिन इसके दोहराव से बचने के लिए दूसरों की सलाह की जरूरत होती है.

3

### उस आपूर्तिकर्ता का चुनाव करें:

- जिसे आप जानते हों और जिस पर भरोसा करते हों, और उसके साथ लंबे समय से कारोबार कर रहे हों
- पहले से ऑस्ट्रेलियाई कपास का प्रयोग कर रहा हो और उसके पास ट्रेसिबिलिटी प्रणाली और प्रक्रियाएं स्थापित हों
- आपको जिस दस्तावेजीकरण और पारदर्शिता की आवश्यकता है वह दे सके
- क्या वर्टिकली इंटीग्रटेड है- इससे कभी-कभी कुछ जटिलाओं और जोखिमों को कम करने मे मदद मिल सकती है(हमेशा नहीं!)

4

### कोई आर्डर करने से पहले या टेंडर/मूल्य निर्धारण प्रक्रिया का भाग बनने से पहले यह करें:

आपूर्तिकर्ता से स्वेच्छा से, उन सभी प्रमाणों के साथ ऑस्ट्रेलियाई कपास की ट्रेसिबिलिटी प्रक्रिया का पालन करने के प्रति साक्ष्य दिखाने को कहें, जो आपूर्ति श्रृंखला के हर चरण पर प्राप्त होंगे.

# फॉर्म, कपास ओटनी और व्यापारी

**आपूर्ति श्रृंखला भूमिका**

उगाना, काटना(फार्म में), निर्यात के लिए (कारोबारियों द्वारा) कच्चे कपास के फाइबर को 227किग्रा की गांठों में (ओटाइ )प्रसंस्करित करना

**ट्रेसिबिलिटी प्रक्रिया के प्रकार**

- ऑस्ट्रेलियाई कपास की हर एक गांठ पर एक अद्वितीय गांठ पहचान संख्या का लेबल और बारकोड आइडेंटीफायर लगाया जाता है, जिसमें कटाई के समय का डेटा होता है और इसे गांठों पर ओटाई करते समय लगा दिया जाता है
- यह जानकारी गांठ के साथ इसके कताई मिल पहुंचने तक रहती है

**दस्तावेजों के प्रकार / प्रमाण जिनका अनुरोध किया जा सकता है**

- जब किसी ब्रांड मालिक,खुदरा व्यापारीर या निर्माता द्वारा धागे की रील बनाने के लिए (और जहां पर कारोबारी और किसान खुशी से भाग लेते हैं) उपयोग की गई ऑस्ट्रेलियाई कपास की गांठ का टैग नंबर प्रदान कर सते है, कॉटन ऑस्ट्रेलिया इस बात की पुष्टि कर सकता है कि कच्चा कपास ऑस्ट्रेलिया से ही है. ब्रांडों और खुदरा व्यापारियों को याद रखने की जरूरत है कि केवल किसी मिल द्वारा ऑस्ट्रेलियाई कपास की गांठ संख्या प्रदान करने का मतलब यह नहीं है, कि धागा बनाने के लिए इसी कपास का प्रयोग किया गया था या कि कपास को किसी अन्य कपास के साथ मिलाया नहीं गया था. पूरी तरह से विश्वास करने के लिए, अतिरिक्त प्रमाण देखे जाने चाहिए जैसे कि नीचे रेखांकित किया गया है

**पूछे जाने वाले प्रश्न**

- कॉटन आस्ट्रेलिया ओटाई करने वालों/कारोबारियों के लिए आस्ट्रेलियाई कपास गांठ संख्याओं की पुष्टि करना सुगम बना सकता है

# टियर 1 आपूर्तिकर्ता

इस अनुभाग में पूछे जा सकने वाले प्रश्नो की रूपरेखा हैं, प्रक्रियांए और प्रमाण, जिनका निर्माण प्रक्रिया के प्रत्येक चरण के दौरान अनुरोध किया जा सकता है.

**आपूर्ति श्रृंखला भूमिका**

टियर 1 आपूर्तिकर्ता एक ब्रांड ग्राहक के लिए तैयार कपास उत्पादों को विशिष्टताओं जिसमें यह शामिल होता है कि वे ऑस्ट्रेलियाई कपास से बने हो के एक सेट के लिए स्रोत बनाते हैं. (ऐसा माना जाता है कि बहुत से ब्रांडों के पास अभी भी टियर - 1 स्तर के आगे आपूर्ति श्रृंखला में स्पष्टता नहीं है,जिसके कारण ट्रेसिबिलिटी का मुद्दा और भी कठिन बन जाता है.)

**ट्रेसिबिलिटी प्रक्रिया के प्रकार**

- ब्रांड आस्ट्रेलियाई कपास के दावों को सिद्ध करने के लिए आवश्यक ट्रेसिबिलिटी प्रमाण उपलब्ध करवाने और ट्रेसिबिलिटी प्रणाली स्थापित करने का दायित्व टियर - 1 स्तर के आपूर्तिकर्ताओं पर डाल सकते हैं
- इसके लिए भरोसे के एक महत्त्वपूर्ण स्तर की जरूरत होती है, और इसे सबसे अच्छी पहल के तौर पर अनुशंसित नहीं किया जाता है. ब्रांडों को यह सुनिश्चित करने की जरूरत होती है कि वे प्रक्रिया के प्रत्येक चरण पर प्रदान किए गए दस्तावेजों से संतुष्ट हैं, वे सही है, वर्तमान हैं और ट्रेसिबिलिटी आवश्यकताओं को पूरा करते हैं(जैसे टियर - 1 स्तर के आपूर्तिकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपना जो सही चीजें नहीं करते हो सकता है कि जब ब्रांड के विरुद्ध कोई मुकदमा लाया जाए तो यह चीजें उसका बचाव न कर पाएं

**दस्तावेजों के प्रकार / प्रमाण जिनका अनुरोध किया जा सकता है**

- टियर - 1 स्तर के आपूर्तिकर्ताओं से जिस प्रकार के दस्तावेजों और प्रमाणों का अनुरोध / समन्वित किया जा सकता है, उसके लिए नीचे देखें

**पूछे जाने वाले प्रश्न**

- क्या आपने किसी अन्य ग्राहक के लिए ऑस्ट्रेलियाई कपास ट्रेसिबिलिटी प्रक्रिया में सहयोग किया है? अन्य जिंसों मे? कपास की पहचान से जुड़े अन्य कार्यक्रमों में?
- आप क्या आश्वासन दे सकते है कि प्रदान किए गए दस्तावेज हमारी ट्रेसिबिलिटी आवश्यकता को पूरा करेंगे?
- क्या आप इस सेवा के लिए अतिरिक्त शुल्क लेंगे?

# कताई मिल

**आपूर्ति श्रृंखला भूमिका**

कपास के फाइबर से सूती धागे का प्रसंस्करण करें-कपड़ा मिलों को बेचें यही वह जगह है जहां पर मिलावट का सबसे बड़ा जोखिम उत्पन्न होता है

**ट्रेसिबिलिटी प्रक्रिया के प्रकार**

- कताई मिले ऑस्ट्रेलियाई कपास गांठों की डिलीवरी स्वीकार करती हैं जिनमें अद्‌वितीय गांठ टैग पहचान संख्या और बारकोड आइडेंटीफायर लगा होता है
- कताई मिलों को इसे खोलकर रखने और उत्पादन स्तर की कताई प्रक्रियाओं में ऑस्ट्रेलियाई कपास को हाथों से छांटना/अलग करना और लेबल करना चाहिए
- कताई मिले कपास की गांठों की संख्या को उस धागे की लॉट संख्या से संबंधित कर सकती हैं जिसमें बनाने में वह कपास समाप्त हुआ हो
- कताई मिले अंदर कच्चे कपास का वजन, और कपास के धागे का बाहर निकलने पर वजन (उत्पाद जानकारी) प्रदान कर सकती हैं.

**दस्तावेजों के प्रकार / प्रमाण जिनका अनुरोध किया जा सकता है**

**ट्रेसेबिलिटी की न्यूनतम आवश्यकता**(ऑस्ट्रेलियाई कपास मार्क्स का उपयोग करने के लिए)

- फैब्रिक मिल से यह उद्‌घोषणा करती हुई हस्ताक्षरित और दिनांकित घोषणा कि फैब्रिक लॉट नंबर XXX को बनाने के लिए धागे की लॉट नंबर XXX का प्रयोग हुआ था और जिसे दिनांक XXX को फैक्टरी XXX को डिलीवर किया गया(कॉटन ऑस्ट्रेलिया टैम्प्लेट प्रदान कर सकती है)
- कपास के व्यापारी द्वारा कताई मिल को दिया गया वाणिज्यिक इनवायस, या खरीद आर्डर जिसमें, शिप की गई गांठ संख्या,शिपमेंट की दिनांक, गांठों की संख्या, भार आदि हो
- गांठ दर गांठ पैकिंग सूची-गांठ संख्याओं का प्रलेखन करना
- उत्पत्ति का प्रमाणः यह प्रमाण पत्र शिपिंग करने वालों द्वारा जारी किए जा सकते हैं या फिर कुछ मामलों खरीददार एक व्यापार मंडल सर्टिफिकेट का अनुरोध कर सकता है

**अन्य प्रमाणपत्र जो लिए जा सकते हैं:**

- ऑस्ट्रेलियाई कपास व्यापारियों से लदान (वस्तुओं का नाम) का बिल
- कीटों और बीमारियों से मुक्त होने का प्रमाणपत्र: कुछ आयात करने वाले देशों को सरकार से सरकार को आयात आवश्यकताओं के भाग के तौर पर इस प्रमाणपत्र की जरूरत होती है. इसे कृषि और जल संसाधन विभाग द्वारा जारी किया जाता है और यह प्रमाणित करता है कि कपास की गांठों की जांच उचित आधिकारिक प्रक्रिया के अनुसार कर ली गई है और यह अनुबंध करने वाले पक्ष द्वारा निर्दिष्ट कीटों से मुक्त माने जाते हैं, जिनके कारण क्वारंटाइन होने की जरूरत पड़ सकती है.
- छायाचित्रों सहित साक्ष्य जिसमे शामिल है:
  - ऑस्ट्रेलियाई कपास की गांठों की डिलीवरी
  - ऑस्ट्रेलियाई कपास की गांठों के टैग
  - ऑस्ट्रेलियाई कपास को मिल भौतिक तौर छांटा जाता है और लेबल लगाया जाता है (रेखाओं पर पहचानसूचक और स्टोरेज आदि)
- प्रलेखन जिसमें ऑस्ट्रेलियाई कपास के कच्चे फाइबर्स का वजन धागा बनाए जाने के पहले दिखाया गया हो, और धागा बनाए जाने के बाद का वजन (पैदावार मूल्यांकन)

**पूछे जाने वाले प्रश्न**

- ऑस्ट्रेलियाई कपास को भौतिक रूप से अलग रखने के लिए आपकी प्रक्रियाएं क्या हैं?
- यह प्रक्रिया स्थापित है इसके लिए आप क्या प्रमाण प्रदान करेंगे?
- क्या फोटोग्राफिक प्रमाण प्रदान करेंगे?
- ऑस्ट्रेलियाई कपास की गांठ संख्या धागे की लॉट संख्या से किस प्रकार से संबंधित है? Ie ऑस्ट्रेलियाई कपास से बनी धागे की लॉट को गांठ संख्या से आप कैसे संबंधित करेंगे?
- क्या परिवहन के लिए रखी होने के दौरान आप ऑस्ट्रेलियाई कपास धागे को अलग से स्टोर कर सकते हैं? कैसे?
- सभी प्रक्रियाएं ठीक से हैं, क्या यह सुनिश्चित करने के लिए क्या आप स्पॉट जांचे/ऑडिट्स करवाने की अनुमति देते हैं?
- क्या आपने किसी अन्य ग्राहक के लिए ऑस्ट्रेलियाई कपास ट्रेसेबिलिटी प्रक्रिया में भाग लिया है? अन्य जिंसों मे ? कपास की पहचान से जुड़े अन्य कार्यक्रमों में?

# कपड़ा मिल

**आपूर्ति श्रृंखला भूमिका**

कपास के धागे को कपडें में बुनें और/या बुनाई करें-वस्त्र या घर के सामानों के निर्माता को बेच दें

**ट्रेसिबिलिटी प्रक्रिया के प्रकार**

- कपड़ा मिलें कताई मिल से ऑस्ट्रेलियाई कपास की डिलीवरी लेती हैं, जिसमें धागे का लॉट नंबर संलग्न होता है
- कपडा. मिलें ऑस्ट्रेलियाई कपास के धागे की डिलीवरी मिलने पर, भंडारण के लिए और पूरी बुनाई के दौरान इसे भौतिक रूप से अलग करती हैं/इनकी छंटाई करती हैं और लेबल लगाती हैं.
- कपड़ा मिलें ऑस्ट्रेलियाई कपास के धागे की लॉट संख्या को उसके पूरी तरह से उपयोग से बने कपड़े की की लॉट संख्या के साथ संबंधित कर सकती हैं
- कपड़ा मिलें कपास के धागे का वजन पर डेटा अंदर, और सूती कपड़े के वजन पर डेटा बाहर प्रदान करती हैं (पैदावार जानकारी)

**दस्तावेजों के प्रकार / प्रमाण जिनका अनुरोध किया जा सकता है**

**ट्रेसेबिलिटी की न्यूनतम आवश्यकता**(ऑस्ट्रेलियाई कपास मार्क्स का उपयोग करने के लिए)

- फैब्रिक मिल से यह उद्घोषणा करती हुई हस्ताक्षरित और दिनांकित घोषणा कि फैब्रिक लॉट नंबर XXX को बनाने के लिए धागे की लॉट नंबर XXX का प्रयोग हुआ था और जिसे दिनांक XXX को फैक्टरी XXX को डिलीवर किया गया (कॉटन ऑस्ट्रेलिया टैम्प्लेट प्रदान कर सकती है)
- कताई और कपड़ा मिल धागे की लॉट संख्या,दिनांक, वजन आदि के बीच हस्तांतरण के बारे में वर्णन करते हुए खरीद आदेश या इनवाइस.

**अन्य प्रमाणपत्र जो लिए जा सकते हैं:**

- स्टॉक रजिस्टर की प्रतियां
- शिपिंग दस्तावेज
- छायाचित्रों सहित साक्ष्य जिसमे शामिल है:
  - ऑस्ट्रेलियाई कपास की धागे की डिलीवरी को, स्पष्ट तौर पर चिन्हित किया जाना चाहिए
  - -ऑस्ट्रेलियाई कपास को मिल में भौतिक तौर पर छांटा जाता है और लेबल लगाया जाता है (रेखाओं पर पहचानसूचक और स्टोरेज आदि)
- कपड़ा उत्पादन के पहले ऑस्ट्रेलियाई कपास के धागे का वजन और, प्रसंस्करण के बाद फैब्रिक का वजन दिखाने वाला दस्तावेज (पैदावार जानकारी)

**पूछे जाने वाले प्रश्न**

- ऑस्ट्रेलियाई कपास को भौतिक रूप से अलग रखने के लिए आपकी प्रक्रियाएं क्या हैं?
- यह प्रक्रिया स्थापित है इसके लिए आप क्या प्रमाण प्रदान करेंगे?
- क्या फोटोग्राफिक प्रमाण प्रदान करेंगे?
- ऑस्ट्रेलियाई कपास के धागे की लॉट संख्या फैब्रिक की लॉट संख्या से किस प्रकार से संबंधित है? Ie ऑस्ट्रेलियाई कपास से बने फैब्रिक की लॉट संख्या को धागे की लॉट संख्या से आप कैसे संबंधित करेंगे?
- क्या परिवहन के लिए रखे होने के दौरान आप ऑस्ट्रेलियाई सूती कपड़े को अलग से भंडारित कर सकते है? कैसे?
- सभी प्रक्रियाएं ठीक से हैं, क्या यह सुनिश्चित करने के लिए क्या आप स्पॉट जांचे/ऑडिट्स करवाने की अनुमति देते हैं?
- क्या आपने किसी अन्य ग्राहक के लिए ऑस्ट्रेलियाई कपास ट्रेसेबिलिटी प्रक्रिया में भाग लिया है? अन्य जिंसों मे ? कपास की पहचान से जुड़े अन्य कार्यक्रमों में?

# कटाई और सिलाई फैक्ट्री/ निर्माता

| | |
|---|---|
| आपूर्ति श्रृंखला भूमिका | कपड़े को अंतिम उत्पादों में काटें और सिलें-ब्रांडों/रीटेलर्स को शिप कर दें |
| ट्रेसिबिलिटी प्रक्रिया के प्रकार | • वस्त्र फैक्ट्री, ऑस्ट्रेलियाई कपास के कपड़े की डिलीवरी कपड़ा मिलों से लेती हैं, जिनमें कपड़े का लॉट नंबर लगा होता है<br>• कपड़ा फैक्ट्री पूरे कटाई, सिलाई और अंतिम उत्पाद के उत्पादन की पूरी प्रक्रिया के दौरान ऑस्ट्रेलियाई सूती कपड़े को भौतिक रूप से छांट/अलग कर सकती है और इस पर लेबल लगा सकती है<br>• कपड़ा फैक्ट्रियां ऑस्ट्रेलियाई सूती कपड़े की लॉट संख्या को उसके पूरी तरह से उपयोग से बने कपड़ों की आर्डर संख्या के साथ संबंधित कर सक<br>• वस्त्र फैक्ट्री सूती कपड़े ( अंदर आने), और निर्मित सूती वस्त्रो का वजन बाहर जाने (उत्पादन जानकारी) का वजन प्रदान कर सकती हैं |
| दस्तावेजों के प्रकार / प्रमाण जिनका अनुरोध किया जा सकता है | **ट्रेसेबिलिटी की न्यूनतम आवश्यकता** (ऑस्ट्रेलियाई कपास मार्क्स का उपयोग करने के लिए)<br>• कटाई और सिलाई फैक्ट्री से यह उद्घोषणा करती हुई हस्ताक्षरित और दिनांकित घोषणा कि वस्त्र लॉट नंबर XXX को बनाने के लिए उपयोग फैब्रिक की लॉट नबर XXX का प्रयोग हुआ था और जिसे दिनांक XXX को ब्रांड/रीटेलर XXX को डिलीवर किया गया (कॉटन ऑस्ट्रेलिया टैम्प्लेट प्रदान कर सकती है)<br>• खरीद आर्डर 100% आस्ट्रेलियाई सूती कपड़े को निर्दिष्ट करता है<br>• वस्त्र फैक्ट्री से खरीद आर्डर या इनवायस जिसमें कपड़ा मिल और वस्त्र फैक्ट्री के बीच हुए हस्तांतरण का विवरण, कपड़े की लॉट संख्या, दिनांक, वजन आदि का उल्लेख हो.<br>**अन्य प्रमाणपत्र जो लिए जा सकते हैं:**<br>• स्टॉक रजिस्टर की प्रतियां<br>• वस्त्र आर्डर संख्या, कपड़े की लॉट नंबर से कैसे संबंधित हैं, इसके रिकॉर्ड<br>• छायाचित्रों सहित साक्ष्य जिसमे शामिल है:<br>- ऑस्ट्रेलियाई कपास की कपड़ा डिलीवरी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होती है<br>- ऑस्ट्रेलियाई कपास को फैक्ट्री में भौतिक रूप से अलग किया जाता है और लेबल लगाया जाता है (सिलाई, प्रेस करने, गुणवत्ता जांच बिंदुओं, स्टोरेज में, पैकेज्ड वस्तुओं आदि के दौरान)<br>• ऑस्ट्रेलियाई कपास के कपड़े का बनाने से पहले वजन, और कपड़े के उत्पादन के बाद वजन को प्रदर्शित करने वाला दस्तावेज़ (उत्पादन मूल्यांकन) |
| पूछे जाने वाले प्रश्न | • ऑस्ट्रेलियाई कपास को भौतिक रूप से अलग रखने के लिए आपकी प्रक्रियाएं क्या हैं?<br>• यह प्रक्रिया स्थापित है इसके लिए आप क्या प्रमाण प्रदान करेंगे?<br>• क्या फोटोग्राफिक प्रमाण प्रदान करेंगे?<br>• ऑस्ट्रेलियाई सूती कपड़ों की आर्डर संख्या कपड़े के लॉट नंबर से कैसे संबंधित होती है?<br>• कपड़े के लॉट नंबर को अंतत इससे निर्मित होने वाले वस्त्र की आर्डर संख्या से आप कैसे जोड़ेगे ?<br>• क्या परिवहन के लिए रखे होने के दौरान आप ऑस्ट्रेलियाई सूती कपड़ों को अलग भंडारित कर सकते हैं? कैसे?<br>• सभी प्रक्रियाएं ठीक से हैं, क्या यह सुनिश्चित करने के लिए क्या आप स्पॉट जांचे/ऑडिट्स करवाने की अनुमति देते हैं?<br>• क्या आपने किसी अन्य ग्राहक के लिए ऑस्ट्रेलियाई कपास ट्रेसेबिलिटी प्रक्रिया में भाग लिया है? अन्य जिंसों मे ? कपास की पहचान से जुड़े अन्य कार्यक्रमों में? |







# पुष्टिकरण विकल्प

जोखिमों को कम करने के लिए ट्रेसिबिलिटी प्रक्रिया के भाग में नियंत्रण और संतुलन का कार्यान्वयन होना चाहिए. बहुत सारे विकल्प उपलब्ध हैं और यह, बजट, मानव संसाधनों, फैक्ट्रियों और मिलों की भौगोलिक निकटता, आपूर्ति श्रृंखला संबंधों में विश्वास का स्तर और आवश्यक प्रतिभूति के स्तर पर निर्भर करेंगे. कॉटन ऑस्ट्रेलिया अनुशंसा करती है कि ब्रांड ,प्रणालियां स्थापित करें, जो एक नियुक्त ऑडिटर द्वारा पूरी आपूर्ति श्रृंखला में स्वतंत्र रूप से सत्यापित हो.

## पुष्टिकरण के विकल्पों में शामिल है(लेकिन इस तक ही सीमित है):

- आर्डर स्थापित करने से पहले यह जांचने के लिए कि कोई आपूर्तिकर्ता आपकी ट्रेसिबिलिटी आवश्यकताओं की पूर्ति करने में समर्थ है या नहीं, पूर्व-ऑडिट करवाए जा सकते हैं.
- ऑस्ट्रेलियाई सूती धागे, कपड़े और तैयार माल के उत्पादन की निगरानी  के लिए मिलों और कारखानों के अनुसूचित, जमीनी ऑडिट इनको तृतीय पक्ष ऑडीटर्स, सोर्सिंग एजेंटों या मुख्यालय के अधिकारियों द्वारा किया जा सकता है. आडिटिंग क्योंकि यह फैक्ट्रियों में आम है, और इससे आपूर्तिकर्ताओं को कोई समस्या नहीं होनी चाहिए.
- मौके पर जांच. एक बार प्रणाली स्थापित हो जाए, तो प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है, यह सुनिश्चित करने के लिए स्पॉट जांच ऑडिट्स एक अच्छा विचार है. फिर से, इनका आयोजन तृतीय पक्ष ऑडीटर्स, सोर्सिंग एजेंटों या मुख्यालय के अधिकारियों के द्वारा किया जा सकता है. हो सकता है कि कुछ आपूर्तिकर्ता इस प्रकार के ऑडिट होने की अनुमति न दें.
- फोटोग्राफिक प्रमाण. प्रक्रिया ठीक से काम कर रही है इसके लिए मिलों और फैक्ट्रियों को फोटोग्राफिक प्रमाण देने को कहा जा सकता है. उदाहरण के रूप में ऑस्ट्रेलियाई कॉटन गांठों में टैग नंबर संलग्न होता है, सिलाई की लाइन और संकेतक, साफ तौर पर लेबल लगाए बॉक्सों में अलग से स्टोर किए जाने पर, ऑस्ट्रेलियाई कपास को स्पष्ट रूप से अलग दिखाई पड़ती है.

# ऑस्ट्रेलियाई कपास मार्क की ट्रेसेबिलिटी चेकलिस्ट

## न्यूनतम ट्रेसेबिलिटी(पता लगाने से संबंधित) आवश्यकताएं

यह चेकलिस्ट वस्त्र आपूर्तिकर्ताओं के लिए ऑस्ट्रेलियाई कपास से बनी चीजों को आर्डरों करने के संबंध में हैं जिसे कि आपूर्ति श्रृंखला में धागे के उत्पादन से लेकर, कपड़े तक और अंतिम उत्पाद तक भौतिक रूप से अलग रखा जाना चाहिए.

ऑस्ट्रेलियाई कपास मार्क(मार्क्स) के उपयोग के लिए न्यूनतम पता लगाने की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कृपया सुनिश्चित करें कि ये सारा दस्तावेजीकरण प्रदान किया जाए.

### कताई मिल

- ☐ हस्ताक्षरित और दिनांकित उद्घोषणा *(कॉटन ऑस्ट्रेलिया द्वारा प्रदान किया टैम्पलेट)*
- ☐ धागा बनाने के लिए उपयोग की गई ऑस्ट्रेलियाई कपास की गांठों की संख्या *(कपास की शिपमेंट के साथ प्रदान की गई)*
- ☐ मूल का प्रमाण पत्र *(कपास की शिपमेंट के साथ प्रदान की गई)*
- ☐ कपास कारोबारी, पिंग करने वालों और कताई मिलों के बीच लेनदेन दिखाने वाला क्रय आदेश या इनवायस

### कटाई और सिलाई फैक्ट्री

- ☐ हस्ताक्षरित और दिनांकित उद्घोषणा *(कॉटन ऑस्ट्रेलिया द्वारा प्रदान किया टैम्पलेट)*
- ☐ कपड़ा खरीदने का आर्डर या इनवायस

### कपड़ा मिल

- ☐ हस्ताक्षरित और दिनांकित उद्घोषणा *(कॉटन ऑस्ट्रेलिया द्वारा प्रदान किया टैम्पलेट)*
- ☐ कपड़ा मिल और कताई मिल के बीच हस्तांतरण को दिखाने वाला खरीद आर्डर या इनवायस

### आवेदन को मंजूरी मिलने से पहले ये सभी प्रमाण उपलब्ध करवाए जाने चाहिए.

- ☑ दस्तावेजों को अंग्रजी में ठीक से हस्ताक्षर करके सही दिनांक अंकित करके जमा किया जाना चाहिए
- ☑ कृपया जमा करने के पहले दस्तावेजों की जांच करें कि वे इन सभी आवश्यकताओं की पूर्ति करते हों

AUSTRALIAN COTTON

**अधिक जानकारी**

www.australiacotton.com.au
cotton2market@cotton.org.au

अगर यहां इस दस्तावेज में दी गई जानकारी के बारे में, ऑस्ट्रेलियाई कपास मार्क आवेदन प्रक्रिया या इससे संबंधित ट्रेसिबिलिटी आवश्यकताओं के बारे में आपके कोई प्रश्न हैं, कृपया संपर्क करें.

अस्वीकरण

यह सामग्री केवल जानकारी और शिक्षाप्रद उद्देश्यों के लिए तैयार की गई है और इसका उद्देश्य पता लगाने योग्य सलाह प्रदान करना नहीं है. सामग्री कानूनी सलाह या अनुशंसाओं का गठन नहीं करती है और ऐसी किसी चीज़ पर भरोसा नहीं किया जाना चाहिए.